संपादकीय

## साहस कहें या दुस्साहस?

मध्य वर्ग के लिए आय कर में छूट का जो एलान शुरुआत में बड़ा दिखा, वह विश्लेषण पर दिखावटी मालूम पड़ने लगा। साफ हो गया कि इसके पीछे मकसद साफ तौर पर विभिन्न मदों से मिलने वाले डिडक्शन को खत्म करना है।

आप चाहें, तो इसे साहस या आत्म-विश्वास कह सकते हैं। किसी और नजरिए से इसे दुस्साहस या अति आत्म-विश्वास भी कहा जा सकता है। लेकिन यह सचमुच काबिल-ए-गौर है कि चुनावी साल होने के बावजूद नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने बजट में कृषि क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, कल्याणकारी योजनाओं आदि के लिए बजट में कटौती कर दी। मध्य वर्ग के लिए आय कर में छूट का जो एलान शुरुआत में बड़ा दिखा, वह विश्लेषण पर दिखावटी मालूम पड़ने लगा। साफ हो गया कि इसके पीछे मकसद साफ तौर पर विभिन्न मदों से मिलने वाले डिडक्शन को खत्म करना है। इसके अलावा बीमा मैच्युरिटी की रकम पर भी टैक्स लगाने का फैसला सरकार ने किया है। इस बजट की एक खास बात पूंजीगत खर्च में 33 प्रतिशत वृद्धि बताई गई है। लेकिन इस रकम का कितना बड़ा हिस्सा सब्सिडी के रूप में बड़े कॉरपोरेट घरानों को जाएगा और कितने से सचमुच सार्वजनिक संपत्ति निर्मित होगी, इसका ब्योरा नहीं दिया गया है।

तो साफ है कि सरकार को भरोसा है कि उसके पास चुनाव जीतने का ऐसा फॉर्मूला है, जिससे बजट से डाले गए बोझ भी बेअसर बने रहेंगे। गौर कीजिए। बजट से ठीक पहले आए इकोनॉमिक सर्वे में कहा गया था कि वित्त साल 2022-23 में आर्थिक वृद्धि इन तीन वजहों से हुईः कोरोना के बाद मांग में बढ़ोतरी, 2022 के पहले कुछ महीनों में बढ़ा निर्यात और सरकार की ओर से किए गए खर्चे। इनमें से दो बातें तो अगले साल के लिए डरावना इशारा कर रही हैं। मांग के अगले साल और बढ़ने के आसार नहीं हैं। नई नौकरियां आती हैं और तनख्वाह बढ़ती है, तो फिर मांग बढ़ती है। अभी भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में हालात इससे उलट हैं। निर्यात में बढ़ोतरी की संभावना भी नहीं है। जाहिर है, आम जन की अर्थव्यवस्था तो फिलहाल डगमग ही रहने वाली है। खुद सरकार भी कर्ज का बोझ बढ़ेगा, यह बजट में ही कहा गया है। इसके बावजूद अमृत काल का नारा उछाला गया है, तो यह भी सरकार के अति आत्म-विश्वास का ही संकेत देता है।

## अडानी की धन जुटाने की क्षमता साल-दो साल में घट सकती है, पर अभी कर्ज का दबाव नहीं : मूडीज

**नई दिल्ली ।** वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विसेज ने अडानी समूह को लेकर किसी तत्काल चिंता से मुक्त बयान में कहा कि बंदरगाह , विशेष आर्थिक क्षेत्र, ग्रीन एनर्जी और बिजली पारेषण जैसे विनियमित क्षेत्रों के कारोबार में लगी समूह की कंपनियों से संबंधित उसकी रेटिंग इन कंपनियों के दीर्घ कालिक व्यावसायिक अनुबंधों, तथा मजबूत नकदी प्रावह एवं बाजारों की स्थिति से जुड़ी है।




मूडीज ने एक बयान में कहा है कि अडानी समूह पर 2024-25 से पहले किसी बड़े कर्ज की देनदारी नहीं खड़ी होने वाली है पर अमेरिकी मंदडिया कंपनी की रिपोर्ट के बाद उसके शेयरों में मची उठापटक से उसकी विस्तार परियोजनाओं के लिए योजनानुसार कर्ज जुटाना आने वाले एक-दो साल में कठिन हो सकता है। पर मूडीज ने यह भी जोड़ा है कि ''वह समझती है कि समूह क्षमता विस्तार के काम को आगे के लिए टालने की स्थिति में भी है।''

अडानी समूह के बारे में अमेरिकी मंदडिया कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की 24 जनवरी की प्रतिकूल रिपोर्ट से शेयर बाजार में अडानी समूह की कंपनियों के शेयरों में उथल पुथल के बीच मूडीज द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है,'अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड, अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, और अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड के लिए मूडी की रेटिंग उनके विनियमित बुनियादी ढाँचे के कारोबार के दीर्घावधि बिक्री अनुबंधों, या उनके मजबूत परिचालन नकदी प्रवाह और बाजार में उनकी प्रभावकारी स्थिति से जुड़ी है।

मूडीज ने कहा है कि अडानी समूह की कंपनियों का बाजार भाव तेजी से टूटने के बाद हमारा तत्काल ध्यान मुख्य रूप से सूह की उन कंपनियों की समग्र वित्तीय शक्ति का आकलन करने पर है जिनकी वित्तीय साख की वह रेटिंग करती है। इसमें उनकी तरलता की स्थिति और कर्ज चुकाने के लिए वित्तपोषण तथा कारोबार में विस्तार की इस समय चल रही पहलों के लिए धन की सुविधा का आकलन शामिल है।

मूडीज ने कहा है कि , जो भी है, इन प्रतिकूल घटनाओं से अगले 1-2 वर्षों में पहले से तय पूंजीगत व्यय के कार्यों और परिपच् हो रहे कर्जों के लिए कर्ज जुटोन की समूह की झमता कम होने के आसार हैं।

मूडीज ने हालांकि यह भी कहा है कि अडाणी समूह चाहते तो पूंजीगत व्यय को टाल भी सकता है। बयान में कहा गया है,हम मानते हैं कि पूंजीगत व्यय टाले जा सकतें हैं तथा जिन कंपनियों की हम साख निर्धारित करते हैं उन कोई बांड वित्त वर्ष 2024-25 से पहले परिपच् नहीं हो रहा है।''

अडानी समूह के बारे में इसी तरह की रिपोर्ट आज फिच रेटिंग ने भी जारी की है।

## टाटा पावर का तीसरी तिमाही का समेकित शुद्ध लाभ 91 प्रतिशत बढ़ा




**नई दिल्ली ।** टाटा समूह की कंपनी टाटा पावर ने मजबूत कारोबार करते हुए समेकित रूप से वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही में 1052 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दिखाया है। यह सालाना आधार पर लाभ में 91 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी का समेकित आधार पर शुद्ध लाभ 552 करोड़ रुपए था। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी का राजस्व एक साल पहले इसी अवधि के 11,015 करोड़ रुपए की तुलना में 30 प्रतिशत बढक़र 14,339 करोड़ रुपए रहा।

तीसरी तिमाही में टाटा पावर का समेकित परिचालन लाभ 53 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,818 करोड़ रुपए रहा। इससे पिछले वर्ष इसी तिमाही में परिचालन लाभ 1,848 करोड़ रुपए था।

चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाही अप्रैल दिसंबर 2022 के दौरान कंपनी का शुद्ध लाभ 88 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2871 करोड़ रुपए और राजस्व 42 प्रतिशत वृद्धि के साथ 45278 करोड़ रुपए रहा।

टाटा पावर के मुख्य अधिशासी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक डॉ प्रवीर सिन्हा ने तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों पर कहा कि कंपनी लगातार 13 तिमाहियों से शुद्ध लाभ में वृद्धि दर्ज कर रही है। हमारे कारोबार के हर खंड का प्रदर्शन अच्छा रहा है, जिसमें बिजली उत्पादन, बिजली पारेषण, बिजली वितरण और नवीकरणीय ऊर्जा का कारोबार शामिल है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के तीसरी तिमाही के शुद्ध लाभ में 75 प्रतिशत का उछाल

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा ने वर्ष 2022-23 में गत दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,853 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ दिखाया है। इससे पिछले वर्ष इसी तिमाही का लाभ 2,197 करोड़ रुपये था।

बैंक की तिमाही वित्तीय रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर 2022 के अंत में उसका कारोबार सालाना आधार पर 18.5 प्रतिशत बढ़ कर 20,73,385 करोड़ रुपये रहा। बैंक के परिचालन लाभ में आलोच्य तिमाही के दौरान 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और यह 8,232 करोड़ रुपये रहा।

बैंक ने परिसम्पत्तियों यानी कर्जो की गुणवत्ता में सुधार किया है जिससे उसकी सकल अवरुद्ध परिसम्पत्तियां (एनपीए) एक तिमाही पहले के 5.31 प्रतिशत की तुलना में घट कर 4.53 प्रतिशत पर आ गयीं।

शुद्ध एनपीए इसी दौरान 1.16 प्रतिशत से घट कर 0.99 प्रतिशत रहीं।

## बाजार में उथलपुथल के बीच आरबीआई का बड़ा बयान, भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, ऋणदाताओं पर हमारी पैनी नजर

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शेयर बाजार में उथलपुथल को लेकर उभरी चिंताओं के बीच कहा है कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत और स्थिर है। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ ही यह भी कहा कि वह ऋणदाताओं पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है। आरबीआई ने बयान में कहा कि भारतीय बाजार में उथलपुथल पर भारतीय बैंकों के कर्ज के बारे में चिंता जताने वाली मीडिया रिपोर्टों को संज्ञान में लेते हुए वह लगातार बैंकिंग क्षेत्र की निगरानी कर रहा है। हालांकि, आरबीआई ने अडानी समूह का नाम नहीं लिया।



आरबीआई ने कहा कि वर्तमान मूल्यांकन के अनुसार ''बैंकिंग क्षेत्र जुझारू और स्थिर बना हुआ है। पूंजी पर्याप्तता, संपत्ति की गुणवत्ता, नकदी, प्रावधान प्रसार और लाभप्रदता से संबंधित विभिन्न मानदंड अच्छी स्थिति में हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा, ''नियामक और पर्यवेक्षक के रूप में, आरबीआई वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए बैंकिंग क्षेत्र और प्रत्येक बैंक की लगातार निगरानी करता है। आरबीआई के पास बड़े ऋणों से संबंधित सूचनाओं का केंद्रीय संग्रह (सीआरआईएलसी) डेटाबेस प्रणाली है, जहां बैंक अपने पांच करोड़ और इससे अधिक के कर्ज की जानकारी देते हैं। इस जानकारी का इस्तेमाल निगरानी के लिए किया जाता है।

बयान में कहा गया कि केंद्रीय बैंक सतर्क रहता है और लगातार भारतीय बैंकिंग क्षेत्र की स्थिरता की निगरानी करता है। बयान में आगे कहा गया कि बैंक बड़े कर्ज के ढांचे (एलईएफ) के दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहे हैं।

## महिला प्रीमियर लीग 2023 की चार मार्च को शुरुआत करेंगी मुंबई, अहमदाबाद की टीम

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के उद्घाटन सीजन की शुरूआत मुंबई और अहमदाबाद (गुजरात जायंट्स के रूप में नामित) टीमों के साथ चार मार्च को डीवाई पाटिल स्टेडियम, नवी मुंबई में हो सकती है। अभी तक लॉन्च होने वाली लीग के संबंधित अधिकारियों के बीच एक अस्थायी कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा है, जिसमें डब्ल्यूपीएल को किकस्टार्ट करने के लिए 4 मार्च को मुंबई-अहमदाबाद फेस-ऑफ को चिह्नित किया गया है।

दो फ्रेंचाइजी क्रमशः उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के स्वामित्व में हैं, कुछ ऐसा जिसे आईएलटी20 के दौरान कुछ प्रचार दिया गया था, जब तक अमीरात और गल्फ जायंट्स ने यूएई में चल रहे आईएलटी20 में आमना-सामना किया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डीवाई पाटिल स्टेडियम के अलावा, सीसीआई-ब्रेबॉर्न स्टेडियम को एक अन्य स्थल के रूप में रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम, शहर का प्राथमिक स्थल है, जिसमें 17 मार्च को भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच होगा और उसके बाद आईपीएल होगा, जो 1 अप्रैल से शुरू होने की संभावना है।

इसमें कहा गया है कि डब्ल्यूपीएल में मुंबई और अहमदाबाद की टीमों के बीच वापसी मैच 14 मार्च को निर्धारित है। अस्थायी डब्ल्यूपीएल कार्यक्रम के दूसरे मैच में टीम बेंगलुरु का सामना 5 मार्च को सीसीआई में टीम दिल्ली से होगा।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 22 मैचों वाले डब्ल्यूपीएल में पांच दिन की छुट्टी होगी, पहला 17 मार्च को होगा और फिर दो दिन बाद दूसरा ब्रेक 19 मार्च को होगा। अगले दो मैच लीग चरण 22 और 23 मार्च को पूरा होने के बाद होंगे। एलिमिनेटर 24 मार्च को सीसीआई में है और फाइनल 26 मार्च, रविवार को डीवाई पाटिल स्टेडियम में पांचवें और अंतिम ऑफ डे के बाद 25 मार्च को होगा।



अडानी स्पोर्ट्सलाइन प्राइवेट के माध्यम से अदानी समूह को 1289 करोड़ रुपए की उच्चतम बोली के साथ गुजरात जायंट्स नाम की अहमदाबाद फ्रेंचाइजी मिली, इंडियाविन स्पोर्ट्स प्रा. लिमिटेड ने 912.99 करोड़ रुपए की बोली के साथ मुंबई फ्रेंचाइजी का अधिग्रहण किया।

## डोप टेस्ट में फंसीं जिम्नास्ट दीपा करमाकर, आईटीए ने 21 महीनों के लिए किया सस्पेंड

**नई दिल्ली।** भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर पर प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन के चलते गाज गिरी है। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी दीपा पर पाबंदी लगाई है। इंटरनेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने भारतीय जिम्नास्ट दीपा करमाकर को प्रतिबंधित पदार्थ हाइजेनामाइन के लिए पॉजिटिव परीक्षण के बाद 21 महीने के लिए प्रतिबंधित किया है जो 10 जुलाई 2023 तक प्रभावी रहेगा।

दीपा 2016 के रियो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करके चौथे स्थान पर रहीं थी। उन्होंने हाल ही में उन्होंने बाकू में एफआईजी विश्व कप में भाग लिया, जहां उन्होंने वॉल्ट फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन बैलेंस्ड बीम इवेंट में टॉप आठ में जगह बनाने में असफल रहीं।

करमाकर के सैंपल में हिजेनामाइन की मात्रा पाई गई है जो वाडा के अनुसार एक बैन पदार्थ है। यूएस एंटी-डोपिंग एजेंसी के अनुसार, हिजेनामाइन में एड्रीनर्जिक रिसेप्टर गतिविधि होती है, जिसका मतलब है कि यह एक सामान्य उत्तेजक के रूप में काम कर सकता है। ये सैंपल 11 अक्टूबर 2021 को लिया गया था और तभी ये एथलीट को अयोग्य माना जाएगा। ये मामला एफआईजी एंटी-डोपिंग नियम आर्टिकल 10.8.2 के अनुसार समाधान समझौते के माध्यम से हल किया गया था।



हिजेनामाइन को 2017 में प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में जोड़ा गया था। इसको अस्थमा में राहत देने के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन ऐसी कई दवाएं हैं जो किसी बीमारी में इस्तेमाल हो सकती हैं पर वाडा ने उनको बैन लिस्ट में डाला हुआ है। जैसे हिजेनामाइन कार्डियोटोनिक भी हो सकता है, जिसका मतलब है कि ये कार्डियक आउटपुट बढ़ा सकता है। दिल की परफॉरमेंस तुरंत सुधरने का मतलब है एथलीट को इवेंट में ऐज मिलना।

प्रतिबंध का मतलब है कि 29 वर्षीय दीपा सभी चार अपार्ट्स वर्ल्ड कप टूर्नामेंट सीरीज (कॉट्टबस, दोहा, बाकू और काहिरा) के साथ-साथ छह विश्व चैलेंज कप सीरीज में से कम से कम तीन को मिस करेंगी।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज प्रभावशाली लोगों के साथ संबंधों को सही करने का अवसर मिलेगा। सामाजिक दायरा बढेगा। इस समय कार्यप्रणाली में कुछ बदलाव भी लाने की आवश्यकता है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा ।

***वृष :*** आज स्थान परिवर्तन संबंधी कोई योजना कार्य रूप में परिणित होने की संभावना है। आपका संतुलित व्यवहार आपको शुभ और अशुभ प्रत्येक परिस्थितियों में सामंजस्य बनाकर रखने में मदद करेगा।

***मिथुन :*** आज का समय अनुकूल है ।व्यवसायिक स्थितियां और भी बेहतर हो रही हैं। लेकिन अभी कहीं भी पैसा निवेश ना करें, क्योंकि धोखाधड़ी में फंसने की आशंका है। परंतु कार्यस्थल में उत्पादन क्षमता में कोई कमी नहीं आएगी।

***कर्क :*** आज भावनाओं की बजाय चतुराई और विवेक से काम लेना परिस्थितियों को आपके पक्ष में करेगा। तथा घर के बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद व सहयोग मिलेगा।

***सिंह :*** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति की मदद से आपकी व्यवसायिक परेशानी हल होगी। परंतु अपने ऑफिस या दुकान के स्टाफ पर कड़ी नजर रखें, उनकी मिलीभगत से कुछ नुकसान हो सकता है।

***कन्या :*** आज आपके लिए बेहतरीन धनदायक परिस्थितियां बनी हुई हैं। पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी आर्थिक नीतियों पर काम करें। आज आप अपनी किसी नकारात्मक बात को छोडऩे का भी संकल्प करें।

***तुला :*** आज भविष्य संबंधी किसी महत्वपूर्ण कार्य की रूपरेखा भी बनेगी। आय के मार्ग अभी मंद ही रहेंगे। परंतु वर्तमान गतिविधियों का शुभ परिणाम निकट भविष्य में जल्दी ही प्राप्त होगा। कार्य संबंधी कोई लाभदायक यात्रा होगी।

***वृश्चिक :*** आज आर्थिक योजनाओं को फलीभूत करने का उचित समय है। आज कोई भूमि खरीद-फरोख्त संबंधी काफी काम संपन्न हो सकते हैं। सामाजिक गतिविधियों के प्रति आपका योगदान आपको मानसिक सुकून प्रदान करेगा और मान-सम्मान भी बढ़ाएगा।

***धनु :*** इस समय पार्टनरशिप संबंधी कार्यों में लाभदायक परिस्थितियां बन रही हैं। व्यापार को विस्तृत करने संबंधी योजनाएं भी बनेगी। सरकारी सेवारत लोगों के ऊपर अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।


***मकर :*** आज पिछली कुछ कमियों से सीखकर अपनी दिनचर्या में और बेहतर सुधार लाने की कोशिश करेंगे। जिसमें आप कामयाब भी रहेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के साथ समय व्यतीत करना आप में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

***कुंभ :*** आज व्यवसायिक गतिविधियां सामान्य रहेगी। परंतु इस समय अचानक ही कुछ खर्चों की स्थितियां सामने आएंगी। सहकर्मियों के सहयोग से आप किसी महत्वपूर्ण आर्डर को पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

***मीन :*** आज धर्म और अध्यात्म के प्रति आस्था रहेगी। आपका प्रभावशाली तथा सकारात्मक व्यक्तित्व दूसरों के लिए उदाहरण बनेगा। यही स्वभाव आपके कार्य को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने में भी मदद करेगा।

## रॉक सॉलिड फिल्म होगी सलमान की टाइगर-3

बॉलीवुड के किंग खान यानि शाहरुख खान की मूवी 'पठान' बॉक्स ऑफिस पर शानदार कारोबार भी कर रही है। 'पठान' में सलमान खान ने धमाकेदार कैमियो रोल भी अदा किया है, इसके उपरांत हर कोई सलमान खान की अपकमिंग मूवी 'टाइगर 3' की प्रतीक्षा कर रहे है। मूवी के लेखक श्रीधर राघवन का बोलना है कि 'पठान' में सलमान खान की फिल्म 'टाइगर 3' का टीजर सिर्फ एक झलक है। पठान की तरह ही 'टाइगर 3' धमाकेदार फिल्म साबित होने वाली है।




शाहरुख खान की पठान से लेकर ऋ तिक रोशन और टाइगर श्रॉफ की सुपरहिट मूवी 'वॉर' तक श्रीधर राघवन ने कई शानदार स्पाई थ्रिलर मूवीज को लिखा है। अब श्रीधर राघवन की टाइगर 3 का फैंस की प्रतीक्षा कर रहे है। लेखक श्रीधर राघवन ने खुलासा किया है कि सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी की मूवी टाइगर 3 में धमाकेदार एक्शन देखने के लिए मिलने वाला है। लगातार हिट फिल्में देने के बाद श्रीधर राघवन को ङ्घक्रस्न स्पाई यूनिवर्स का मेंटर बोला जाने लगा है।

श्रीधर ने बोला है कि 'मूवी की स्क्रिप्ट कुछ साल पहले ही लिखी जा चुकी है। इससे पहले सलमान खान की फिल्म 'एक था टाइगर' और 'टाइगर ज़िंदा है' को लोगों ने बहुत पसंद किया था, लेकिन अब 'टाइगर 3' में और भी बेहतर देखने के लिए मिलने वाला है।

## सुनील शेट्टी का रियलिटी शो कुमिते 1 वॉरियर हंट 12 फरवरी से एमएक्स स्टूडियो पर

बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा होस्ट किया गया मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) रियलिटी शो कुमिते 1 वॉरियर हंट 12 फरवरी से एमएक्स स्टूडियो पर प्रसारित होने के लिए तैयार है। एमएक्स प्लेयर की इन-हाउस कंटेंट शाखा एमएक्स स्टूडियोज भारत का पहला एमएमए रियलिटी शो कुमिते 1 वॉरियर हंट पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है।




रियलिटी शो 16 शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतियोगियों के बीच शक्तिशाली चुनौतियों को उजागर करेगा और परम योद्धा का खिताब हासिल करने के लिए उनकी क्षमता का परीक्षण करेगा। अभिनेता ने कहा, एमएक्स स्टूडियोज ओरिजिनल कुमिते 1 वॉरियर हंट न केवल भारत की पहली एमएमए रियलिटी सीरीज है, बल्कि यह विजेताओं के लिए अपने खेल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक वैश्विक मंच सुनिश्चित करेगी।

## डेजर्ट में सर्व करें 'सेब का हलवा'



खाने के बाद अगर आपको भी डेजर्ट चाहिए होता है, तो बनाएं सेब का हलवा। जिसमें बनाना है बेहद आसान और खाने में लगता है बेहद जायकेदार। नोट कर लें इसकी रेसिपी।

### सामग्री :

2 बचे हुए सेब, 2 चम्मच चीनी, 1/2 कप दूध, 2 चम्मच घी, 1/2 चम्मच इलायची पाउडर, 2 चम्मच ड्राई फ्रूट्स, 1 गाजर

### विधि :

- इस हलवे को बनाने के लिए सबसे पहले सेब और गाजर को धोकर अच्छे से साफ कर लें।
- इसके बाद इन दोनों को अलग-अलग कद्दूकस कर लें।
- कढ़ाई में घी डालकर गर्म होने के लिए रख दें।
- इसके बाद इसमें कद्दूकस किया सेब डालकर 10 मिनट तक अच्छी तरह से पका लें।
- फिर इसमें कद्दूकस किया गाजर और दूध डालें।
- इसे तब तक पकाएं जब कि किनारे घी न छोड़ दें।
- फिर इसमें चीनी, इलायची पाउडर और ड्राई फ्रूट्स डालें।
- इसके बाद आप अच्छी तरह से मिलाते हुए करीब 5 मिनट तक पका लें।
- तैयार है सेब का हलवा सर्व करने के लिए।

## शब्द सामर्थ्य- 332

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू-दोकू- 332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |